# YEAR 11 HINDI WORKSHEETS

## Day 1

### कविता - हिन्दी की पुकार

सवालों के बादलों से घिरी, अक्सर सोचा करती हूँ मैं,
डगमगाने लगी नइया मेरी, क्यों बिखरे मोती जैसी लगती हूँ मैं ?
भारतीय पूर्वजों की देन थी मैं, गिरमिटियों के संग काटी थी वनवास
जब दुख-सुख में भी तर गई, फिर अब क्यों छूटती जाती है आस ?

यह मेरी अपनी माया है या भरम है, या फिर उनको बोलने में शरम है ?
क्यों बेझिझक पुकारते नहीं मुझे ? कैसे भूल बैठे उनका जो करम है ?
क्यों मरूस्थलों की दलदल में दिन-प्रतिदिन धस्ती जा रही हूँ मैं ?
कैसे भटक रही हूँ अपनों की राहों से ? अब वापस आना चाहती हूँ मैं,

अब तो मुझे सहारा दो, मैं बीच मझधार में हूँ पर कोई केवट नहीं हैं,
सोचकर मुझे जवाब दो, तुम सब मुझसे हो, फिर कैसे पहेचान नहीं हैं ?
विश्व के जिस कोने में भी हूँ, वापस अपनों की शान बनना चाहती हूँ मैं
मुझे अपना लो, सर का ताज बना लो, यही जीवन दान माँगती हूँ मैं,

देखो, कैसे पलट गई है काया मेरी, गैर भी मुझे अपनाने लगे हैं,

औरों को तो कोई हर्ज नहीं, फिर अपने ही क्यों इतराने लगे हैं ?

बुझते दीये की लौ बन कर गिरती, उठती कभी संभलती हूँ मैं

अब भी वक्त है पहेचानों मुझे ! तुम्हारी अपनी हिन्दी हूँ मैं ।

श्यामला चन्द

## क था नक

यह कविता हिन्दी भाषा की दुर्दशा को दर्शाती है । आज के दौर में हिन्दी भाषा सिसकती व ठुकराई सी नजर आ रही है । जहाँ हिन्दी को गैर लोग अपना रहे हैं तो वहीं उसके अपने ही उसके साथ सौतेले जैसा व्यवहार कर रहे हैं । हमारे पूर्वजों ने इतनी मुश्किल दौर में भी इसे सम्भाला पर हमारे नवजवान इससे इतराते हैं । हिन्दी भाषा की दुर्दशा पर घड़ियाली आँसू बहाने से अच्छा होगा कि हम इसकी केवट बनें ।

## रस

इस कविता में करुण रस का प्रयोग किया गया है । कविता के द्वारा हिन्दी की दुर्दशा का दुख प्रकट किया गया है । हिन्दी बिलख-बिलख कर अपनों को पुकार रही है कि उसे अपनाकर उसे जीवनदान दो ।

## उ द् देश्य

- हिन्दी भाषा की वर्तमान स्थिति से लोगों को अवगत कराना
- हिन्दी को अपनाने के लिए लोगों को प्रेरित करना

## अभ्यास

दिए गए प्रश्नों के जवाब पूरे वाक्यों में लिखिए ।

१. पूरी कविता का भावार्थ अपनी शब्दों में समझाइए ।

२. कवयित्री हिन्दी की पुकार किस लिए कर रही है ?

३. हिन्दी किन-किन मुसीबतों का सामना कर रही है ?

४. इस कविता से तुम्हें क्या-क्या शिक्षा मिलती है ?

५. प्रस्तुत कविता में किस रस की प्रधानता है ?

६. निज भाषा उन्नति अहे, सब उन्नति को मूल,
बिन निज भाषा ज्ञान का, मिटे न हिय को शूल ।

भारतेंदु हरिशचन्द की इस काव्यांश की व्याख्या कीजिए ।

## जानिए मजेदार और रोचक तथ्य तथा अपने कविता पुस्तक में लिखिए ।

जीवन से जुड़ी कई बातें हैं जो हमारे लिए उपयोगी हो सकती हैं । हमारी जिन्दगी से जुड़े ऐसे तथ्य जो आपके लिए जानना जरूरी है :

- नाश्ते के समय चॉकलेट का एक छोटा टुकड़ा खाने से दिनभर आपका मूड अच्छा बना रहता है ।
- अपने नोट्स को बनाने के एक दिन के अन्दर पढ़ लेने से आप उन्हें ६० प्रतिशत से ज्यादा याद कर लेते हैं ।
- अगर आप अक्सर संगीत सुनते हैं तो इससे ब्रेन ट्यूमर का खतरा कम हो जाता है ।
- मैथ्स करते समय चॉकलेट खाने से आपकी मैथ्स हल करने की योग्यता बढ़ जाती है ।
- अगर आपका कुत्ता घर से बाहर निकल गया है तो उसका पीछा मत कीजिए । फर्श पर लेट जाइए और दिखाइए कि आपको चोट लगी है । आपका कुत्ता खुद ही आपको देखने के लिए लौट आएगा ।

**Day 2**

## पर्यायवाची शब्द

१. अतिथि –
२. अग्नि –
३. अमृत –
४. अश्व –
५. अन्धकार –
६. आकाश –
७. जल –
८. दु:ख –
९. पुष्प –
१०. पर्वत –

## विपरीतार्थक शब्द

१. आदि –
२. ऊँच –
३. उदय –
४. उदार –
५. एक –
६. गहरा –
७. चिन्तित –
८. जीवन –
९. निकट –
१०. जय –

**Day 3**

## बोधन परीक्षा में सफलता का रहस्य

स्कूली जीवन में सफलता का कोई एक मूलमंत्र ढूँढना तो मुश्किल है, लेकिन आज के युग में फिर भी कहा जा सकता है कि मुख्य मूलमंत्र है – सफल होने की प्रबल इच्छा तथा परीक्षा की माँग को समझना ।

बहुत लोगों का मानना है कि अगर पाठ्यक्रम तथा पिछले वर्ष के प्रश्न-पत्रों के आधार एक सुनिश्चित कार्य योजना तैयार कर उसे अमल में लाया जाए तो सफलता आप के कदम चूमेगी । साथ में यह बात ध्यान देने योग्य है कि आप के उत्तर की गुणवत्ता अवश्य अच्छी होनी चाहिए ।

परीक्षा की आवश्यकताओं की दृष्टि से जो लोग अपनी कार्य-योजना बनाते हैं या बेहतर कार्य-योजना जिस ने बनाकर फिर उसे कार्य योजना के अनुरूप अध्ययन किया, उन्हीं में से कोई सर्वश्रेष्ठ स्थान पा सकता है । वास्तव में यदि सर्वश्रेष्ठ स्थान पाने की तीव्र इच्छा हो तो अध्ययन की गहराई भी एक आवश्यक तत्व है । पढ़ते वक्त परीक्षा की दृष्टि से महत्तवपूर्ण तथ्यों को पेंसिल से रेखांकित करना या हाई लाइट करना आवश्यक समझा जाता है । संक्षिप्त में नोट्स तैयार करना भी उतना ही महत्तवपूर्ण है जितना गहराई से पढ़ना । इस से दोहराने की प्रक्रिया में कम समय लगता है । मुख्य परीक्षा के लिए यह अध्ययन पद्धति काफी महत्तवपूर्ण हो जाती है ।

पाठ्यक्रम के आधार पर उस को चार हिस्सों में – प्राय: सम्भावित भाग, अति सम्भावित भाग, कम सम्भावित भाग एवं लगभग असम्भावित भाग में बाँट दिया जाए तो पढ़ाई में काफी सहुलियत होती है । प्राय: सम्भावित एवं अति सम्भावित हिस्सों पर उत्तम गुणवत्ता के नोट्स बनाए जा सकते हैं । सम्भावित क्षेत्रों को भी अच्छी तरह पढ़ लिया जा सकता है और उस पर उत्तर की रूपरेखा तैयार कर ली जाए तो बढ़िया तैयारी हो सकती है । इस के बाद कम सम्भावित क्षेत्रों पर सिर्फ एक सरसरी निगाह डाली जाए

और चौथे हिस्से को कई बार बिलकुल छोड़ा जा सकता है ।

पढ़ने और दुहराने के लिए आवश्यक समय की दृष्टि से एक कार्य योजना तैयार करना एक बुद्धिमानी की बात होती है । पढ़ते वक्त हर अनुच्छेद के मूल बिन्दु को उसके बाईं ओर लिख देने से अन्तिम दोहराव जल्दी हो सकता है । हर दिन की पढ़ाई को तीन या चार बैठक में बाँट देना तथा बैठक के आरम्भ में वैसे विषय या टॉपिक को पढ़ना जिसमें ज्यादा ध्यान मग्नता तथा मानसिक तरोताजापन चाहिए होता है, पर विशेष ध्यान देना चाहिए ।

स्त्रोत: नव दिशाएँ

अभ्य ास

१. स्कूली जीवन में सफलता का कोई एक मूल मंत्र ढूँढना क्यों मुश्किल है ?

२. आजके युग सफलता कैसे प्राप्त कर सकती है ?

३. सर्वश्रेष्ठ स्थान को कैसे पाया जा सकता है ?

४. पढ़ते वक्त किन बातों पर ध्यान देना चाहिए ?

५. पढ़ते समय आरम्भ में कैसे विषयों पर ध्यान देने की बात बताई गई है ?

**Day 4**

**13TH – 17TH APRIL**

**Day 1**

| | हिन्दी मुहावरें | अर्थ | वाक्य में प्रयोग |
|---|---|---|---|
| १ | अपने पाँव में आप कुल्हाड़ी मारना | जानबूझकर मुसीबत में पड़ना | |
| २ | अपना सा मुँह लेकर रह जाना | किसी काम में असफल होने पर लज्जित होना | |
| ३ | अपने मुँह मियाँ मिट्ठू बनना | अपनी बड़ाई आप करना | |
| ४ | अरमान निकालना | हौसला पूरा करना | |
| ५ | अरमान रह जाना | इच्छा पूरी न होना | |
| ६ | आँख उठाकर न देखना | ध्यान न देना/तिरस्कार करना | |
| ७ | आँख का काँटा होना | खटकना, शत्रु होना | |
| ८ | इधर उधर करना | टालमटोल करना | |
| ९ | उँगली पर नचाना | वश में करना | |
| १० | औंधे मुँह गिरना | बुरी तरह धोखा खाना | |

**Day 5**

भाषा

अभ्यास

क. दिए गए शब्दों में रेखांकित वर्ण से तीन शब्द बनाइए ।

१. प्रतिभा – ----------, ----------, ----------

२. सिद्धांत – ----------, ----------, ----------

३. महत्वपूर्ण – ----------, ----------, ----------

४. विश्व – ----------, ----------, ----------

५. राजनैतिक – ----------, ----------, ----------

ख. इन वाक्यों को अपनी समझ से पूरा कीजिए ।

१. नागरिक का पहला कर्त्तव्य ---------------------------------- ।

२. अच्छे लोग सदा ---------------------------------------- ।

३. जो हमेशा सच बोलता है ---------------------------------- ।

४. अक्सर देखा गया है -------------------------------------- ।

५. जिसके मन में श्रद्धा ------------------------------------ ।

## Day 6

### प त्र लेख न

“अजीब” पत्रिका के मुख्य सम्पादक के पास पत्र लिखकर बिजली संकट से उत्पन्न दयनीय परिस्थितियों पर अपना विचार प्रस्तुत कीजिए ।

आपका नाम प्रवीण/प्रवीणा है और आप अनोखा रास्ता, राकीराकी में रहते/रहती हो ।

अनोखा रास्ता
राकीराकी

## Day 7

भाषा अभ्यास

नीचे दिए गए वाक्यों में दो गल्तियाँ हैं । इन गल्तियों को पहचानिए और सुधार कर लिखिए ।

१. हमने रात का खुब रोया ।
२. मेरी पाठशाला मेरी घर से दुर है ।

दिए गए शब्दों की वर्तनी सुधार कर लिखिए ।
१. इसतामाल - -------
२. करतव्य - -------
३. आर्शीवाद - -------
४. दुरदर्शन - -------
५. निरनये - -------

अनावश्यकता शब्द को पहचानिए और उसे सही करके लिखिए ।

(i) रातु ने कल बीच सभा में बड़े अभिमान भरे अहंकार से अपना परिचय दिया ।
(ii) उस दुकान में केवल नाममात्र की मिठाई बची है ।

कोष्ठक में दिए गए शब्द का प्रयोग करते हुए निम्न वाक्यों को दुबारा लिखिए ।

(v) माताजी ने कल अपनी कुमारी को एक सुन्दर सा उपहार दिया । (बेटी)
(vi) घर प्रवेश कल होगा । (गृह)
(vii) तुम मिठाई मत खाओ अथवा तो डाक्टर डाँट देंगे । (नहीं)
(viii) बादल घिर आए थे अत: प्रतिभा घर वापस आ गई । (इसलिए)

**Day 8**

अनुव ाद

नीचे दिए गए अंश को हि न्दी में अनुवाद कीजिए ।

When I was young, my grandmother told me that if I swallowed gum, it would grow into a gum tree in my stomach. I was so worried about this happening that I immediately threw all the gum into the trash. My grandfather saw me doing this and asked why I was wasting perfectly good gum. I told him that it will grow into a tree in my stomach if I swallowed it. He told me that it will not grow into a tree but it will remain in my stomach for seven years.

भाषा

क. दिए गए शब्दों में से सही शब्द चुनकर इन वाक्यों को पूरा कीजिए ।

१. गाय का ताजा दूध पीने में अधिक स्वादिष्ट --------- है ।

क. होते
ख. होतीं
ग. होतें
घ. होता

२. शीला की मौसी अधिक सफाई ----------- है ।

क. करता
ख. करती
ग. करते
घ. करतीं

३. शर्माजी कहते हैं कि ---------- घमण्डी लोगों से घृणा है ।

क. उसे
ख. उसको
ग. उन्हें
घ. उन्हीं

४. यह दुष्टों की आदत है कि ----------- दूसरों की बुराई ही करते हैं ।

क. वे
ख. उन्हें
ग. उसे
घ. उन

५. भगवान कृष्ण का कहना है कि ------------ कर्म करना चाहिए तथा फल की इच्छा नहीं ।

क. हमारा
ख. हमें
ग. हमारी
घ. हमारे

६. पण्डित जी कहते हैं कि यज्ञ करने से ------------- वातावरण भी साफ होता है ।

क. तुम्हारा
ख. तुम्हारी
ग. तुम्हारें
घ. तुम्हारीं

७. पिताजी को भाइयों के लिए एक नई गाड़ी -------------- चाहिए ।

क. खरीदनी
ख. खरीदनीं
ग. खरीदने
घ. खरीदना

८. हमारा देश अक्सर बाढ़ और तूफान का शिकार ------------ है ।

क. होती
ख. होता
ग. होतीं
घ. होते

९. ---------- कर्मचारियों की हड़ताल से देश को हानि हुई ।

क. उन
ख. उस
ग. उन्हें
घ. उन्हीं

१०. हे भगवान, अब ------------ ही मेरी रक्षा करो ।

क. तुम
ख. आप
ग. तू
घ. मैं

ख. कोष्ठक में दिए गए क्रिया शब्द के सही रूप को अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।

१. कल हमने रामायण की कथा ------ । (सुनना)
२. इस कक्षा में चार लड़के और पाँच लड़कियाँ ------ हैं । (पढ़ना)

ग. इन वाक्यों में दो गलतियाँ हैं, उन्हें पहचानिए और सही करके वाक्यों को उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।
१. उसके नाना का मृत्यु पिछले सप्ताह हो गया ।
२. गाए ने लात से बछड़े का मारे ।

घ. दिए गए शब्दों की वर्तनी सुधार कर लिखिए ।

१. आनोखा
२. वयक्तिगत
३. चरचा
४. ग्यान

**Day 9**

निबन्ध लेखन - मुख्य बात

निबन्ध लिखते समय छात्रों को निम्न बातें ध्यान में रखनी चाहिए -

- दिए गए विषय की एक रूपरेखा बना लें ।
- रूपरेखा-लेखन के समयपूर्वा पर संबंध के नियम का निर्वाह किया जाए । पूर्वापर संबंध के निर्वाह का अर्थ है कि ऊपर की बात उसके नीचे की बात से जुड़ी होनी चाहिए, जिससे विषय का क्रम बना रहे ।
- पुनरावृत्ति दोष न आए ।
- भाषा सरल, सहज और बोधगम्य हो ।
- निबन्ध का प्रारम्भ किसी कहावत, उक्ति, सूक्ति, आदि से किया जाए ।
- भूमिका/प्रस्तावना में विषय का सामान्य परिचय तथा उपसंहार में विषय का निष्कर्ष होना चाहिए ।
- कहावत व मुहावरों का प्रयोग करें ।

निबन्ध हेतु नमूना रूपरेखा :

विज्ञान: वरदान या अभिशाप

१. भूमिका

२. विज्ञान का अर्थ

३. विज्ञान वरदान है -

- शिक्षा के क्षेत्र में
- चिकित्सा के क्षेत्र में
- मनोरंजन के क्षेत्र में
- कृषि के क्षेत्र में
- यातायात के क्षेत्र में

४. विज्ञान अभिशाप है -

- शिक्षा के क्षेत्र में
- चिकित्सा के क्षेत्र में
- मनोरंजन के क्षेत्र में
- कृषि के क्षेत्र में
- यातायात के क्षेत्र में

५. विज्ञान के प्रति हमारे उत्तरदायित्व

६. उपसंहार

विशेष : उक्त रूपरेखा को आवश्यकता के अनुरूप विभिन्न क्षेत्रों को जोड़कर बढ़ाया जा सकता है ।

**Day 10**

**संस्कृति**

१. "ओ३म्" शब्द के कितने अर्थ हैं ?

२. ईश्वर का सर्वश्रेष्ठ नाम क्या है ?

३. संस्कार कितने हैं ?

४. पहला संस्कार कौन-सा है ?

५. संसकार का अर्थ अपने शब्दों में लिखिए ?

६. प्रथम तीन संस्कारों को अपने शब्दों में लिखिए